# यूपी में बेहतर सुविधाएं निवेशकों को भा रहीं

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए 30 से अधिक नीतियों को लागू किया है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश पिछले तीन सालों से लगातार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' श्रेणी में 'टॉप अचीवर्स' राज्य के रूप में उभरा है। यूपी की अनुकूल निवेश नीतियां और बेहतर सुविधाओं की वजह से ही विदेशी निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इनोवेट यूके के व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए हुई बैठक में ये बातें कहीं गईं। यह बैठक मंगलवार को गोमती नगर, लखनऊ स्थित इंवेस्ट यूपी कार्यालय में हुई।



गोमतीनगर स्थित इंवेस्ट यूपी कार्यालय में निवेश के अवसरों पर बैठक हुई।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव तथा इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने प्रदेश में मजबूत अवस्थापना सुविधाओं के साथ निवेश-अनुकूल नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को विस्तार से बताया। उन्होंने प्रदेश की व्यापक रेल, सड़क, वायु और जलमार्ग कनेक्टिविटी, विशाल उपभोक्ता आधार, कुशल श्रम शक्ति और उद्योगों के लिए भूमि की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। अभिषेक प्रकाश ने मुख्यमंत्री के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोण को साफ किया। प्रदेश में विनिर्माण, अवस्थापना, रियल एस्टेट, सौर और ग्रीन हाइड्रोजन ऊर्जा, टेक्सटाइल, सीमेंट और इस्पात, पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के बहुत अवसर हैं।